सीएसआईआर-केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
राजभाषा अनुभाग

सं. 20-07/13/18-राभा.

दिनांक 02/08/2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय - हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन ।

संस्थान में दिनांक 02.09.2019 से 17.09.2019 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है । इसके अंतर्गत दिनांक 02.09.2019 को हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह एवं दिनांक 17.09.2019 को पुरस्कार वितरण समारोह का कार्यक्रम रहेगा । पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे -

दिनांक	समय	कार्यक्रम/प्रतियोगिता	स्थान
02.09.2019	पूर्वा 11.00 बजे	हिंदी पखवाड़ा **उद्घाटन** समारोह	सेमिनार हॉल
	सायं 03.00 बजे	निबंध लेखन प्रतियोगिता (दो वर्गों में)	कॉफ्रेस कक्ष, प्रशासन
		विषय : हिंदी में विज्ञान-लेखन	
03.09.2019	सायं 03.00 बजे	आशु कहानी लेखन (दो वर्गों में)	कॉफ्रेस कक्ष, प्रशासन
04.09.2019	सायं 5.00 बजे तक	तकनीकी लेख प्रतियोगिता (दो वर्गों में)	राजभाषा अनुभाग
		विषय - संस्थान के कार्यक्षेत्र/आरएंडडी संबंधी वैज्ञानिक/तकनीकी लेख	
06.09.2019	पूर्ण दिवसीय	राष्ट्रीय हिंदी तकनीकी कार्यशाला	सेमिनार हॉल
09.09.2019	अप 02.30 बजे	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	सेमिनार हॉल
11.09.2019	अप 03.00 बजे	भाषण प्रतियोगिता	सेमिनार हॉल
		विषय - स्वच्छता अभियान-एक जन अभियान/जल संरक्षण- हमारी जिम्मेदारी (स्थल पर विषय का निर्धारण)	
11-12.09.2019	पूर्वा 09.00-01.00	राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी अनुभागों/प्रभागों की समीक्षा	-
12.09.2019	अप 03.00 बजे	**आमंत्रित व्याख्यान/प्रस्तुतीकरण**	सेमिनार हॉल
13.09.2019	अर्ध दिवसीय	**हिंदी टेबल कार्यशाला/हिंदी कार्यशाला**	-
17.09.2019	अप 03.00 बजे	**पुरस्कार वितरण** व समापन कार्यक्रम	सेमिनार हॉल

हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के अंतर्गत तकनीकी लेख, निबंध लेखन तथा आशु कहानी लेखन प्रतियोगिताओं की पुरस्कृत प्रविष्टियों को गृह पत्रिका '**सड़क दर्पण**' में आवश्यकता के अनुसार प्रकाशित किया जाएगा । तकनीकी लेख, निबंध लेखन तथा आशु कहानी लेखन प्रतियोगिताओं **को दो वर्गो** (हिंदी और हिंदीतर वर्गों) में आयोजित किया जाएगा । हिंदी वर्ग में हिंदी, पंजाबी, गुजराती व मराठी तथा सिंधी मातृभाषी तथा दूसरे वर्ग में शेष मातृभाषियों को रखा जाएगा । प्रतिभागियों की संख्या के आधार पर हिंदीतर वर्ग के पुरस्कार में कटौती तथा सामान्य पुरस्कारों में वृद्धि की जा सकती है ।

तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए मूल हिंदी में लिखे गए तकनीकी लेख, **लिफाफे के ऊपर प्रतियोगिता, अपना एवं प्रभाग का नाम, तथा मातृभाषा** लिखकर राजभाषा अनुभाग में जमा करने होंगे । तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों द्वारा वैज्ञानिक/तकनीकी लेखों की सॉफ्टप्रति sanjayc.crri@nic.in एवं hindi.crri@gmail.com पर भेजी जाएगी तथा प्रविष्टियों (हार्डप्रति) के साथ विधिवत हस्ताक्षरित घोषणापत्र संलग्न करना होगा । तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए निर्धारित घोषणा-पत्र का प्रारूप पिछले पृष्ठ पर दिया गया है । सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में क्रमशः रूपए 3000/-, 2500/-, 2000/- एवं 1500/- तथा प्रशस्ति-पत्र/प्रमाणपत्र दिया जाएगा ।

जारी........2

हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत 11 एवं 12 सितंबर को पूर्वा 09.00-01.00 बजे तक अनुभागों/प्रभागों की राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी समीक्षा/निरीक्षण का कार्यक्रम रहेगा जिसे प्रमुखों के साथ आपसी सहमति के आधार पर निर्धारित किया जाएगा । सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से अनुरोध है कि हिंदी पखवाड़े के दौरान प्रस्तावित प्रतियोगिताओं एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए कृपया संपर्क अधिकारियों के साथ-साथ न्यूनतम 02 कार्मिकों की प्रतिभागिता/उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं नामित कार्मिकों तथा समीक्षा कार्यक्रम के समय की जानकारी राजभाषा अनुभाग को दिनांक 20.08.2019 तक यथाशीघ्र भिजवा दें। यह निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

2/8/19

(अंजुम शर्मा)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि -

1. निदेशक महोदय
2. सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख - व्यापक परिचालन एवं अनुभाग/प्रभाग से नामांकन भेजने हेतु ।
3. प्रभागीय प्रमुख, सीसीएन - संस्थान की वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड करवाने हेतु ।
4. प्रभागीय प्रमुख, अनुरक्षण - सेमिनार हॉल में सफाई, विद्युत व एसी की व्यवस्था, मंच हेतु पुष्प की व्यवस्था तथा गमले आदि रखने की व्यवस्था हेतु ।
5. प्रभागीय प्रमुख, आईएलटी - सूचनार्थ तथा मल्टीमीडिया व पखवाड़े की फोटो लेने एवं यथा आवश्यक मीमेंटो की व्यवस्था हेतु ।
6. सभी सूचना पट्ट
7. कार्यालय प्रति

हिंदी पखवाड़ा वर्ष 2019

तकनीकी लेख प्रतियोगिता

घोषणा-पत्र

मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि मेरा लेख या शोध पत्र मेरी मौलिक रचना है तथा अन्यत्र कही भी प्रकाशित नहीं हुई है । सभी सहलेखकों की सहमति प्राप्त कर ली गई है । यह प्रविष्टि तकनीकी लेख प्रतियोगिता के लिए दी जा रही है तथा संस्थान द्वारा इसका उपयोग गृह-पत्रिका 'सड़क दर्पण' अथवा अन्यत्र किया जा सकता है ।

मेरे लेख या शोध पत्र की सॉफ्टप्रति sanjayc.crri@nic.in एवं hindi.crri@gmail.com पर भेज दी गई है ।

दिनांक

प्रथम लेखक के हस्ताक्षर -

नाम -

मातृभाषा -

पहचान सं. -

पदनाम -

प्रभाग -